idr हिंदी

सीनियर एडिटोरियल एसोसिएट

आईडीआर के बारे में

आईडीआर(इंडिया डेवलपमेंट रिव्यू) विकास समुदाय के क्षेत्र में पहला और सबसे बड़ा मीडिया मंच है। 2017 में समाजसेवी संस्था के रूप में इसकी स्थापना हुई थी, और हम चाहते है कि भारत में सामाजिक प्रभाव को लेकर ज्ञान को बढ़ावा मिले। हम विचारों, अभिमत, विश्लेषण तथा वास्तविक कामकाज को लेकर लेख प्रकाशित करते हैं।

आप आईडीआर हिन्दी की सभी रचनाओं को यहां देख सकते हैं तथा टीम के बारे में यहां जान सकते हैं।

भूमिका के बारे में

हम आईडीआर हिन्दी के काम को आगे बड़ाना चाहते हैं और इसके लिये हमें सीनियर एडिटोरियल एसोसिएट की तलाश है। इस पद पे आपकी प्रमुख ज़िम्मेदारी ख़ुद कॉन्टेंट तैयार करना होगा और साथ ही कंटेंट तैयार करने वाले हमारे लेखकों और हमारी संपादकीय टीम की मदद करना होगा। इसके लिए उन्हें कॉन्टेंट तैयार करने की प्रक्रिया के सभी चरणों (विचार-विमर्श से लेकर प्रकाशन तक) में सहयोग करना होगा और उसकी बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी।

इस पद पर आपको क्या करना होगा

सीनियर एडिटोरियल एसोसिएट को दी गई ज़िम्मेदारियों में कॉन्टेंट तैयार करवाना, प्रकाशन से पहले उसकी जांच और संपादन करना, कॉन्टेंट पाइपलाइन का प्रबंधन करना और कारगर संपादकीय रणनीतियों को लागू करने के नए तरीक़े खोजना भी शामिल होगा। सीनियर एडिटोरियल एसोसिएट आवश्यक होने पर कॉन्टेंट टीम को रणनीतिक दिशा और सहायता भी प्रदान करेगा। इन जिम्मेदारियों के अलावा उनसे मंच के लिए नियमित रूप से कॉन्टेंट तैयार करने की अपेक्षा की जाएगी।

हम किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश में हैं जिसको नई चीजों को आज़माने से डर न लगता हो। वह किसी भी तरह के काम को करने को लेकर उत्साहित हो। हमें एक ऐसे सदस्य की ज़रूरत है जो अस्पष्टता तथा बदलावों को सहजता से स्वीकार करे। आपको एक ऐसे उद्यमोपयोगी माहौल में काम करना है जिसमें आपको दायित्व के साथ साथ प्रयोग करने की आज़ादी दी जाएगी।

आईडीआर अपने टीम के सदस्यों को काम एवं विचारों के साथ प्रयोग की आज़ादी भी देता है।

महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

- कहानियों के विचार से लेकर प्रकाशन तक, संपादकीय कामकाज का प्रबंधन
- संपादकों और लेखकों के काम निर्धारित करना
- अनकही संपादकीय कहानियों की खोज करना और संपादन टूल के सुधार पर काम करना
- वर्तमान और भविष्य की संपादन प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने के लिए नए विचार और रणनीतियां सुझाना
- कॉन्टेंट तैयार करना
- नए संपादकीय स्रोतों की पहचान करना
- सुनिश्चित करना कि बाकी टीम द्वारा तैयार किया गया कॉन्टेंट आईडीआर के दिशानिर्देशों और प्राथमिकताओं के अनुरूप है
- लेखकों और पाठकों से उनके द्वारा लिखी/पढ़ी गई कहानियों के प्रभाव की जानकारी (इम्पैक्ट स्टोरीज़) इकट्ठा करना
- कॉन्टेंट की बेहतर मार्केटिंग के लिए आउटरीच टीम के साथ मिलकर काम करना

आवेदन करें अगर

- आप सामाजिक बदलाव से जुड़े मुद्दों में गहरी दिलचस्पी रखते हैं
- टीम मैनेजमेंट का अनुभव है
- आपके अंदर पाठकों के अनुभव के आधार पर स्टोरीज़ संकल्पना तथा उनेक माध्यम तय करने की रचनात्मक क्षमता है
- शोध करने का मजबूत कौशल
- आपके अंदर पाठकों के अनुभव के आधार पर स्टोरीज़ संकल्पना तथा उनेक माध्यम तय करने की रचनात्मक क्षमता है
- आपके पास ऑडियो तथा वीडियो विषयवस्तु बनाने की समझ या रुचि
- स्वतंत्र रूप से काम करने तथा आलोचनात्मक चिंतन की क्षमता रखते हैं
- इंटरनेट की अच्छी समझ (सोशल मीडिया, सर्च इंजन के साथ काम करने में सहजता, ऑनलाइन पत्रकारिता की समझ वाले को प्राथमिकता)
- कॉलेज की डिग्री, हिंदी में संप्रेषण या पत्रकारिता/संपादकीय भूमिका में काम करने का 8 साल से ऊपर का अनुभव

अपना सीवी तथा लेखन सैंपल भेजें: hindi@idronline.org

आपका लेखन सैम्पल ऐसा नहीं हो जिसको किसी और के द्वारा संपादित किया गया हो। चुने जाने पर एक छोटा असाइनमेंट पूरा करने के लिए कहा जाएगा, उसके बाद इंटरव्यू होगा

इस पद का वेतनमान 9 लाख रुपए प्रति साल तक जा सकता है। वेतन का निर्णय आवेदक के अनुभव के आधार पर तय होगा।